

आईपीएल 2026 में जसप्रीत बुमराह का खराब प्रदर्शन केवल शारीरिक ही नहीं, बल्कि भारी अंतरराष्ट्रीय वर्कलोड के कारण हुई मानसिक थकान का भी परिणाम है।
– रवि शास्त्री

पूर्व भारतीय खिलाड़ी, जसप्रीत बुमराह की खराब फॉर्म को लेकर बोलते हुए।

# खेल जगत

आज का खिलाड़ी ▶ **सुनील गावस्कर**



**सुनील गावस्कर** ने कहा कि चेन्नई सुपर किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स दोनों ही प्लेऑफ की दौड़ में हैं, इसलिए यह मैच दोनों टीमों के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। सुनील गावस्कर ने कहा कि सीएसके लगातार दो जीत के साथ एमआई के खिलाफ मैदान में उतर रही है, जबकि दिल्ली ने अपना पिछला मैच राजस्थान के खिलाफ जीता था। आत्मविश्वास काफी ऊंचा होगा, खासकर चेन्नई का। लेकिन दिल्ली को उसके घर पर हराना आसान नहीं होगा। गावस्कर ने दोनों टीमों के कुछ अहम खिलाड़ियों पर भी प्रकाश डाला, जिन पर नजर रखने की जरूरत है।

**क्या आप जानते हैं ?...** 1951-1962 का समय भारतीय फुटबॉल का स्वर्ण युग था, और टीम ने 1964 में एशियन कप में उपविजेता बनकर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया।

# सैमसन के तूफान में उड़ी दिल्ली कैपिटल्स, चेन्नई सुपर किंग्स को मिली धमाकेदार जीत



नई दिल्ली, 5 मई। चेन्नई सुपर किंग्स ने मंगलवार को आईपीएल 2026 में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ 8 विकेट से विजयी परचम फहराया। डीसी ने दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में 158 रनों का टारगेट दिया, जिसे सीएसके ने 17.3 ओवर में दो विकेट के नुकसान पर चेज किया। यह पांच बार की चैंपियन सीएसके की मौजूदा सीजन में 10 मैचों में पांचवी जीत है जबकि दिल्ली को इतने ही मुकाबलों में छठी हार का सामना करना पड़ा। डीसी संजू सैमसन के तूफान में उड़ गई। बतौर ओपनर उतरे सैमसन ने 52 गेंदों में नाबाद 87 रनों की पारी खेली। उन्होंने सात चौके और 6 छक्के जमाए। सैमसन ने कार्तिक शर्मा (32 गेंदों में नाबाद 41, चार चौके, दो छक्के) के साथ तीसरे विकेट के लिए 114 रनों की अटूट पार्टनरशिप की। कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ ने 6 और उर्विल पटेल ने 17 रनों का योगदान दिया। लुंगी एनगिडी ने चौथे ओवर में गायकवाड़ और अक्षर पटेल ने सातवें ओवर में उर्विल का शिकार किया।

इससे पहले, दिल्ली ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने के बाद सात विकेट पर 155 रन बनाए। केएल राहुल (12), पथुम निसंका (19), नीतिश राणा (15), करुण नायर (13) और कप्तान अक्षर पटेल (2) जैसे बल्लेबाज सस्ते में लौटे। डीसी ने 69 रन पर पांच विकेट गंवा दिए थे लेकिन ट्रिस्टन स्टब्स (38) और समीर रिजवी (नाबाद 40) ने टीम को चुनौतीपूर्ण स्कोर तक पहुंचाया। दोनों ने छठे विकेट के लिए 47 गेंदों में 65 रन की साझेदारी की। रिजवी ने 24 गेंदों की नाबाद पारी में चार छक्के लगाए, जबकि स्टब्स ने 31 गेंदों की पारी में एक चौका और दो छक्के जड़े।

## राजस्थान हाईकोर्ट ने राज्य सरकार व नेटबॉल स्पोर्ट्स सोसायटी से मांगा जवाब

जयपुर, 5 मई। राजस्थान हाईकोर्ट ने नेटबॉल स्पोर्टस से जुड़े मामले में राज्य सरकार सहित अन्य पक्षकारों को कहा है कि राजस्थान स्पोर्टस एक्ट 2005 के प्रावधानों का उल्लंघन नहीं करें। वहीं मामले में पक्षकार नेटबॉल स्पोर्टस सोसायटी भरतपुर, सहकारिता विभाग के रजिस्ट्रार व राजस्थान स्टेट स्पोर्टस काउंसिल से 25 मई तक जवाब देने के लिए कहा है। अदालत ने यह निर्देश राजस्थान नेटबॉल एसोसिएशन व अन्य की याचिका पर दिया। प्रार्थी पक्ष के अधिवक्ता राजेश महर्षि ने बताया कि खेल गतिविधियों के संचालन के लिए राजस्थान स्पोर्टस एक्ट 2005 के तहत पंजीकरण करवाया जाना जरूरी है। लेकिन अप्रार्थी संस्था नेटबॉल स्पोर्टस सोसायटी सहकारिता विभाग में ही पंजीकृत है। लेकिन वह फिर भी खुद को राज्य स्तरीय संस्था बताते हुए खेल गतिविधियों को संचालित कर रही है और अपनी टीमों को देशभर में भेज रही है। ऐसे में यह ना केवल स्पोर्टस एक्ट के प्रावधानों का उल्लंघन है बल्कि प्रार्थी संस्था के अधिकारों को भी प्रभावित करने वाला है। इसलिए अप्रार्थी संस्था को पांबद किया जाए कि वह स्पोर्टस एक्ट के प्रावधानों का उल्लंघन नहीं करे।

## के.एम. रूंगटा ट्रॉफी : ड्रॉ मैच में हार्दिक कुक्कड़ का शतक




जयपुर, 5 मई। जयपुर जिला क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित के एम रूंगटा ट्रॉफी में आज खेले गए तीन दिवसीय मैच के तीसरे दिन टीम बी ने दूसरे दिन के स्कोर बिना विकेट पर 9 रन से आगे खेलते हुए हार्दिक कुक्कड़ के 154 रन (175 गेंद, 22 चौके व 1 छक्के), मनय कटारिया के 81 रन, रोहन सिंह के 33 रन, कैफ गुडऐज के 15 रनो से 72 ओवर में 8 विकेट पर 325 रन बनाए। टीम सी मान क्लब के लिए के अभिषेक यादव ने 66 पर 3, सुमित भगेरिया ने 52 पर 2, दीपक चौधरी, राहुल चौधरी व आदित्य शर्मा ने एक - एक विकेट लिया। तीन दिन के खेल में दोनों टीमों की एक - एक पारी पूरी नहीं हो सकी । मैच ड्रॉ रहा।

## ज्योतिबा फूले क्लब ने संस्कार एकेडमी को हराया, नयन माली का पंजा



जयपुर, 5 मई। जयपुर जिला क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित अनुराग मिश्रा स्मृति बी डिवीजन लीग में आज खेले गए पूल बी के मैच में ज्योति बा फूले क्लब ने संस्कार एकेडमी को 5 विकेट से हराया। जी आर ग्राउंड पर खेले गए मैच में संस्कार एकेडमी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए अक्षत गुप्ता के 28 रन, राहुल यादव के 44 रन व आरव कुमार के 18 रन से 31.2 ओवर में 125 रन बनाकर आउट हो गई। ज्योति बा फूले क्लब के लिए नयन माली ने 33 पर 5, हिमांशु शर्मा ने 20 पर 2 व चर्चित निर्वाण ने 12 पर 2 विकेट लिए। जवाबी पारी में ज्योति बा फूले क्लब ने वशिष्ठ शर्मा के 23 रन, सात्विक जैन के 49 रन, तन्मय यादव के 20 रन नाबाद व जतिन सैनी के 29 रन नाबाद से 29.2 ओवर में 5 विकेट पर 126 रन बनाकर मैच जीत लिया। संस्कार एकेडमी के लिए नवीन बुरी ने 53 पर 2, पुलकित माथुर ने 22 पर 2 व समीर रशीद ने 27 पर एक विकेट लिया।

## तीसरी अतिया परवीन स्मृति टी-20 महिला क्रिकेट प्रतियोगिता



जयपुर, 5 मई । मैत्री क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित आज सोनी क्रिकेट स्टेडियम में खेले गये तीसरी अलिया परवीन स्मृति टी-20 महिला क्रिकेट प्रतियोगिता के अन्तर्गत आज खेले गये मैचों रिशिता यादव 15 रन पर 5 विकेट की घातक गेंदबाजी तथा नीतू शर्मा 60 रन, नाबाद व अनाया 59 रन की अद्धर्शतकीय पारियों की बदौलत डायमण्ड क्रिकेट एकेडमी ने डिम्पल कन्सट्रक्शन एकादश टीम को 107 रन से हराकर फाईनल में प्रवेश किया। दूसरे सेमिफाईनल मैच में स्काई एन्जल क्रिकेट एकेडमी ने रितू कपूरिया 20 रन पर 3 विकेट, प्रिया सामोता 16 रन पर 2 विकेट की शानदार गेंडबाजी की बदौलत नेशनल क्रिकेट एकेडमी को 20 रन से हराकर फाईनल में प्रवेश किया।

## पांचवां अरुपे कप खेल प्रतियोगिता का सफल समापन

जयपुर, 5 मई। सेंट ज़ेवियर्स स्कूल, नेवटा, जयपुर द्वारा आयोजित 5वां अरुपे कप फुटबॉल, बास्केटबॉल और वॉलीबॉल टूर्नामेंट (लड़के और लड़कियां) का सफल समापन आज तारीख 2 मई को हुआ। यह भव्य खेल प्रतियोगिता 30 अप्रैल से शुरू हुई थी, जिसमें जयपुर शहर की 109 से ज़्यादा टीमों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि रिटायर्ड डीजीपी मनोज भट्ट रहे।

## पावर प्ले जीतने वाली टीमें अक्सर मैच जीत जाती है : केएल राहुल



नई दिल्ली, 5 मई। केएल राहुल ने मौजूदा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 में दिल्ली कैपिटल्स के लिए शीर्ष क्रम में असाधारण प्रदर्शन किया है, और अगर उन्हें शीर्ष चार में जगह बनानी है तो उनका फॉर्म महत्वपूर्ण होगा। डीसी फिलहाल नौ मैचों में चार जीत के साथ अंक तालिका में सातवें स्थान पर है। मंगलवार रात दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में खेले जाने वाले अपने अगले आईपीएल मैच में उनका मुकाबला सीएसके से होगा।

जियोस्टार के सुपरस्टार्स कार्यक्रम में बोलते हुए, राहुल ने अपने नए ओपनिंग पार्टनर, पथुम निस्संका और उनकी भूमिका में स्पष्टता के बारे में अपने विचार साझा किए। राहुल ने शीर्ष क्रम में आक्रामक बल्लेबाजी शैली को अपनाने के बारे में बात करते हुए कहा कि पिछले दो-तीन वर्षों में टी20 क्रिकेट, खासकर आईपीएल में, काफी विकसित हुआ है। टीमों के जीतने के तरीकों में एक पैटर्न दिखाई देता है, और हाल ही में, पावर प्ले जीतने वाली टीमें अक्सर मैच जीत जाती हैं। कुछ साल पहले, मैच आमतौर पर 14वें और 20वें ओवर के बीच तय होते थे।

पावर प्ले हमेशा महत्वपूर्ण रहा है, लेकिन अब इसका महत्व और भी बढ़ गया है। व्यक्तिगत रूप से, मुझे टीम के लिए इस शैली में ढलना पड़ा है। उन्होंने आगे कहा कि इस सीज़न में टीम प्रबंधन का संदेश बिल्कुल स्पष्ट था। उन्होंने आईपीएल से पहले मुझसे बात की और मुझसे शीर्ष क्रम में बल्लेबाजी करने और खुलकर खेलने को कहा। टीमें उस चरण में 60 से अधिक रन बनाने का लक्ष्य रखती हैं।

इस स्पष्टता ने मुझे अपनी क्षमताओं के अनुरूप इसे हासिल करने के बारे में सोचने का समय दिया। मैंने हर मैच में इसी इरादे से खेलने की कोशिश की है। आप हमेशा सफल नहीं होंगे, लेकिन विचार सही है। मेरा ध्यान पावरप्ले का अधिकतम लाभ उठाने पर है, क्योंकि यही टीम और टी20 क्रिकेट की वर्तमान मांग है।

## एशियाई खेल 2026 की तैयारी तेज
## 1.67 करोड़ की लागत से शुरू हुई तीन राष्ट्रीय बैडमिंटन शिविर में जुटे शीर्ष खिलाड़ी

नई दिल्ली, 5 मई। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा स्वीकृत 1.67 करोड़ रुपये की लागत से संचालित तीन राष्ट्रीय कोचिंग शिविर भारतीय बैडमिंटन टीमों की एशियाई खेल 2026 की तैयारियों को नई दिशा दे रहे हैं। 10 अप्रैल से शुरू हुए ये शिविर हैदराबाद, बेंगलुरु और गुवाहाटी में आयोजित किए जा रहे हैं, जिनमें देश के शीर्ष शटलरों को एक मंच पर लाकर उच्च स्तरीय प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

हाल ही में डेनमार्क के हॉर्सेंस में 24 अप्रैल से 3 मई के बीच आयोजित थॉमस और उबेर कप 2026 में भारतीय पुरुष टीम ने कांस्य पदक हासिल किया। इन शिविरों के जरिए लक्ष्य सेन, पदार्पण करने वाले आयुष शेट्टी, किदांबी श्रीकांत और युगल जोड़ी सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी-चिराग शेट्टी जैसे खिलाड़ियों को एक साथ अभ्यास, संयोजन सुधारने और मैच लय विकसित करने का अवसर मिला।



### आईसीसी टी-20 रैंकिंग अपडेट
## भारत 275 अंकों के साथ शीर्ष पर बरकरार, कई टीमों की रैंकिंग में बदलाव

नई दिल्ली, 5 मई। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की ओर से मंगलवार को जारी ताजा वार्षिक अपडेट के बाद पुरुष और महिला टी-20 अंतरराष्ट्रीय टीम रैंकिंग में भारत और ऑस्ट्रेलिया ने क्रमशः अपना शीर्ष स्थान बरकरार रखा है। इस अपडेट में मई 2025 के बाद खेले गए मैचों को पूर्ण महत्व और पिछले दो वर्षों के मुकाबलों को आंशिक महत्व दिया गया है। पुरुष रैंकिंग में भारत 275 अंकों के साथ पहले स्थान पर कायम है, हालांकि दूसरे स्थान पर मौजूद इंग्लैंड के साथ उसका अंतर अब 14 से घटकर 13 अंक रह गया है। इंग्लैंड 262 अंकों के साथ दूसरे और ऑस्ट्रेलिया 258 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर है। शीर्ष सात टीमों की स्थिति में कोई बदलाव नहीं हुआ है। न्यूजीलैंड, दक्षिण अफ्रीका, पाकिस्तान और वेस्टइंडीज ने अपने-अपने स्थान बरकरार रखे हैं।

इस अपडेट में बांग्लादेश एक स्थान ऊपर चढ़कर आठवें स्थान पर पहुंच गया है, जबकि श्रीलंका छह अंक गंवाकर नौवें स्थान पर खिसक गया है। अफगानिस्तान दसवें स्थान पर बना हुआ है। अमेरिका ने नीदरलैंड और स्कॉटलैंड को पीछे छोड़ते हुए 13वां स्थान हासिल किया है। नेपाल ने संयुक्त अरब अमीरात को पीछे छोड़ते हुए 17वां स्थान प्राप्त किया, जबकि ओमान 19वें स्थान पर पहुंच गया है। अन्य उल्लेखनीय बदलावों में इटली ने 11 अंकों की बढ़त के साथ 23वां स्थान हासिल किया, स्पेन 12 अंकों की बढ़त के साथ 26वें स्थान पर पहुंचा, साइप्रस और इस्वातिनी ने भी उल्लेखनीय प्रगति की। दूसरी ओर, मोजाम्बिक को सबसे ज्यादा नुकसान हुआ और वह 15 स्थान गिरकर 87वें स्थान पर पहुंच गया। महिला टी-20 रैंकिंग में ऑस्ट्रेलिया 287 अंकों के साथ पहले स्थान पर कायम है, हालांकि इंग्लैंड के साथ उसका अंतर 18 से घटकर 12 अंक रह गया है। इंग्लैंड 275 अंकों के साथ दूसरे और भारत 264 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर बना हुआ है।

महिला रैंकिंग में शीर्ष 16 टीमों की स्थिति में कोई बदलाव नहीं हुआ है। न्यूजीलैंड, दक्षिण अफ्रीका और वेस्टइंडीज क्रमशः चौथे, पांचवें और छठे स्थान पर हैं। श्रीलंका सातवें स्थान पर रहते हुए शीर्ष टीमों के करीब पहुंच गया है, जबकि बांग्लादेश ने भी सुधार करते हुए आयरलैंड के करीब पहुंच बना ली है। अमेरिका ने महिला रैंकिंग में दो स्थान की छलांग लगाकर 20वां स्थान हासिल किया है वहीं जर्मनी ने छह स्थान ऊपर चढ़ते हुए 29वां स्थान प्राप्त किया है। इस अपडेट के बाद पुरुष वर्ग में कुल 98 और महिला वर्ग में 78 टीमों को रैंकिंग में शामिल किया गया है। कुछ टीमें न्यूनतम मैच न खेलने के कारण रैंकिंग से बाहर हो गई हैं।

## अंडर-18 एशिया कप से पहले भारत की पुरुष और महिला हॉकी टीमें ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेलेंगी चार मैचों की श्रृंखला

भोपाल, 5 मई। भारत की अंडर-18 पुरुष और महिला हॉकी टीमें एशिया कप की तैयारी के तहत ऑस्ट्रेलिया की अंडर-18 टीमों के खिलाफ चार-चार मैचों की श्रृंखला खेलेंगी। यह मुकाबले 15 से 20 मई तक उद्धव दास मेहता केंद्रीय केंद्र, भोपाल में आयोजित होंगे। यह श्रृंखला 19 अप्रैल से साई भोपाल में चल रहे अंडर-18 राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविर के बाद आयोजित की जा रही है और महीने के अंत में काकामिगाहारा में शुरू होने वाले अंडर-18 एशिया कप की तैयारी के लिहाज से काफी अहम मानी जा रही है। भारतीय महिला अंडर-18 टीम अपनी श्रृंखला की शुरुआत 15 मई को शाम 7 बजे से करेगी। दूसरा मुकाबला 17 मई को शाम 5 बजे खेला जाएगा। तीसरा मैच 18 मई को शाम 7 बजे होगा, जबकि अंतिम मुकाबला 20 मई को सुबह 8 बजे खेला जाएगा। वहीं भारतीय पुरुष अंडर-18 टीम 15 मई को शाम 5 बजे अपने अभियान की शुरुआत करेगी। दूसरा मुकाबला 17 मई को शाम 7 बजे, तीसरा मैच 18 मई को शाम 5 बजे खेला जाएगा, जबकि अंतिम मुकाबला 20 मई को सुबह 10 बजे होगा। पुरुष टीम के कोच सरदार सिंह ने कहा कि साई भोपाल में प्रशिक्षण शिविर बेहद उपयोगी रहा और खिलाड़ियों ने अच्छी प्रगति दिखाई है।

## अंडर-20 नेशनल फुटबॉल चैम्पियनशिप के लिए राजस्थान टीम छत्तीसगढ़ रवाना

जयपुर, 5 मई । छत्तीसगढ़ के नारायणपुर में आयोजित होने वाली स्वामी विवेकानंद अंडर-20 पुरुष नेशनल फुटबॉल चैंपियनशिप 2026 के लिए राजस्थान फुटबॉल टीम मंगलवार को सुबह रवाना हो गई। टीम की घोषणा राजस्थान फुटबॉल संघ के सचिव दिलीप सिंह शेखावत द्वारा की गई।

शेखावत ने बताया कि टीम चयन की प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी रही। अप्रैल के प्रथम सप्ताह में चित्तौड़गढ़ में आयोजित राज्यस्तरीय अंडर-20 पुरुष फुटबॉल स्टेट चैंपियनशिप में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को चिन्हित कर जयपुर में दो दिवसीय चयन ट्रायल आयोजित किए गए। इसके बाद चयनित 33 खिलाड़ियों का 15 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर चित्तौड़गढ़ में कॉलेज ग्राउंड पर लगाया गया, जिसका समापन सोमवार को हुआ। शिविर के आधार पर 18 सदस्यीय राजस्थान टीम की घोषणा की गई।

उन्होंने बताया कि राजस्थान फुटबॉल संघ द्वारा चयन प्रक्रिया में राज्यस्तरीय प्रतियोगिता, चयन ट्रायल एवं प्रशिक्षण शिविर जैसे सभी चरणों का पालन किया जाता है। साथ ही, खिलाड़ियों के निष्पक्ष



चयन हेतु विशेष चयन समिति का गठन भी किया गया है।

राजस्थान टीम अपने अभियान की शुरुआत 9 मई को आंध्रप्रदेश के खिलाफ करेगी। इसके बाद टीम 13 मई को झारखंड, 15 मई को बिहार और 17 मई को मेघालय के विरुद्ध अपने लीग मुकाबले खेलेगी। राजस्थान फुटबॉल संघ के अध्यक्ष मानवेंद्र सिंह जसोल, संघ पदाधिकारियों, वरिष्ठ खिलाड़ियों एवं फुटबॉल प्रेमियों ने टीम को राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दी हैं।

**टीम (राजस्थान अंडर-20):** शिवम कुमार (गोलकीपर), हर्षवर्धन , शिवम(कप्तान,) सर्वेश राव, जितेंद्र कुमार,(उप कप्तान) जितेंद्र सिंह, विकास, प्रशांत यादव, आदेश गरसा, जयदीप, रुद्रप्रताप, कुमार प्रिंस सामोता, अनिल कुमार, अंशुमान मीणा, सौरभ, अब्बास, अभिनय सिंह, असद अली (गोलकीपर)। **हेड कोचः** हर्ष चौधरी, **मैनेजरः** हितेश शर्मा, **फिजियोः** गौरव गुप्ता।

## आईपीएल 2026 : ऑरेंज कैप की रेस में शामिल हुए रिकेल्टन, छठे स्थान पर पहुंचे

नई दिल्ली, 5 मई। मुंबई इंडियन प्रीमियर लीग 2026 में मुंबई इंडियंस और लखनऊ सुपर जायंट्स के बीच खेले गए मुकाबले के बाद ऑरेंज कैप की रेस में बड़ा बदलाव देखने को मिला। मुंबई के बल्लेबाज रयान रिकेल्टन ने शानदार पारी खेलते हुए एक साथ कई खिलाड़ियों को पीछे छोड़ दिया। रयान रिकेल्टन ने इस मुकाबले में सिर्फ 32 गेंदों पर 83 रन की विस्फोटक पारी खेली, जिसकी बदौलत मुंबई इंडियंस ने जीत हासिल की। इस प्रदर्शन के साथ उनके सीजन में कुल रन 380 हो गए हैं और वह सीधे छठे स्थान पर पहुंच गए हैं।

ऑरेंज कैप की सूची में शीर्ष पांच बल्लेबाजों की स्थिति में कोई बदलाव नहीं हुआ है। पहले स्थान पर सनराइजर्स हैदराबाद के अभिषेक शर्मा 440 रन के साथ बने हुए हैं, जबकि दूसरे स्थान पर दिल्ली कैपिटल्स के केएल राहुल 433 रन के साथ मौजूद हैं। तीसरे स्थान पर हेनरिक क्लासेन 425 रन, चौथे स्थान पर वैभव सूर्यवंशी 404 रन और पांचवें स्थान पर गुजरात टाइटंस के साई सुदर्शन 385 रन के साथ हैं।

रिकेल्टन से पहले 300 से अधिक रन बनाने वाले खिलाड़ियों की लंबी सूची थी, लेकिन उनकी इस पारी ने उन्हें सीधे शीर्ष खिलाड़ियों की कतार में ला खड़ा किया है। फिलहाल मुंबई इंडियंस और लखनऊ सुपर जायंट्स का कोई अन्य बल्लेबाज शीर्ष 20 में शामिल नहीं है। अब सभी की नजरें केएल राहुल पर हैं, जो चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ अगले मैच में खेलेंगे और कुछ चौकों के साथ फिर से शीर्ष स्थान हासिल कर सकते हैं।

### आरसीए एडहॉक कमेटी ने किया बरकतुल्लाह खान स्टेडियम का निरीक्षण
## प्रशिक्षित व अनुभवी आरसीए ग्राउंड स्टाफ जल्द से जल्द तैयार करेगा स्टेडियम के विकेट व मैदान : डॉ. मोहित

जयपुर, 5 मई। आरसीए एडहॉक कमेटी संयोजक डॉ मोहित जसवंत यादव , सदस्य आशीष तिवाड़ी, अरिष्ट सिंघवी ने आज जोधपुर पहुंच बरकतुल्लाह खान स्टेडियम का दौरा किया। इस अवसर पर जिला क्रिकेट संघ जोधपुर के पदाधिकारी भी मौजूद थे।

एडहॉक संयोजक डॉ मोहित जसवंत यादव ने बताया कि आरसीए की आगामी क्रिकेट प्रतियोगिताओं व बीसीसीआई के घरेलू क्रिकेट सत्र 2026 - 27 की राष्ट्रिय क्रिकेट प्रतियोगिताओं के आयोजन व बरकतुल्लाह खान स्टेडियम में मैचों की मेजबानी के लिए बरकतुल्लाह खान स्टेडियम का ज्यादा से ज्यादा उपयोग करने के लिए आरसीए एडहॉक कमेटी ने आज स्टेडियम का दौरा किया।

संयोजक के अनुसार एडहॉक कमेटी ने स्टेडियम के मुख्य मैदान, विकेट्स ,साउथ व नॉर्थ ब्लॉक, पवेलियन, जिम्नेजियम, दर्शक दीर्घा, अन्य ब्लॉकव अकादमी की वर्तमान स्थिति का गहननिरीक्षणकिया व सभी के सम्बद्ध में वास्तविक स्थिति की जानकारी ली। डॉ मोहित ने बताया कि आरसीए एडहॉक



कमेटी का प्रयास है कि अति शीघ्रस्टेडियम के सभी ब्लॉक , पवेलियन, मैदान को खेल के सभी मापदंडों के अनुसार विकसित कर खेल गतिविधियों के लिए उपलब्ध कराया जाए जिसके लिए एडहॉक कमेटी आरसीए के अनुभवीप्रशासकों , विशेषज्ञों सहित आरसीए स्टाफ को नियुक्त करेगी व उन्हें स्टेडियम की सभी अनावश्यक कमियों को दूर कर स्टेडियम को प्रतियोगिताओं के आयोजन व मेजबानी के लिए तैयार करने की जिम्मेदारी दी जाएगी।

आशीष तिवाड़ी, सदस्य एडहॉक के अनुसार आरसीए एडहॉक कमेटी बरकतुल्लाह खान स्टेडियम के मुख्य मैदान व विकेट्स को बीसीसीआई की राष्ट्रिय प्रतियोगिता के मैचों की मेजबानी व आरसीए के घरेलू प्रतियोगिताओं के आयोजन हेतु उपलब्ध कराने के लिए प्रयासरत है जिसके लिए आरसीए के अनुभवी क्यूरेटर व ग्राउंड स्टाफ जोधपुर पहुंच स्टेडियम के विकेट्स व मैदान को आईपीएल व अंतर्राष्ट्रीय मैचों के समान ही तैयार करेंगे। उनके अनुसार स्टेडियम में प्रतियोगिताओं के आयोजन से खिलाडियोंको अंतर्राष्ट्रीयस्तर की परिस्थितियों में खेलने का अवसर प्राप्त हो होगा जिससे उनमे उत्साह का संचार होगा व उनका मनोबल बढ़ेगा।

अरिष्ट सिंघवी, सदस्य एडहॉक के अनुसार जोधपुर जिला क्रिकेट संघ आरसीए के निर्देशन में राज्य के युवा खिलाड़ियोंको हर स्तर पर उच्च स्तरीय खेल वातावरण व सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए आरसीए का हर स्तर पर सहयोग कर रहा है। उनके अनुसार जोधपुर में बरकतुल्लाह खान स्टेडियम के मैदान व अकादमी को उच्च स्तर पर विकसित करने से जिले के खिलाड़ियोंको प्रशिक्षण हेतु एक उच्च स्तरीय खेल मैदान की सौगात प्राप्त होगी व वे अकादमी में प्रशिक्षण के साथ अंतर्राष्ट्रीय स्तर के खेल मैदान पर अपना शानदार प्रदर्शन दे पाएंगे।


**Rajasthan Olive Cultivation Limited**

**निविदा-सूचना**

राजस्थान ऑलिव कल्टीवेशन लिमिटेड के विभिन्न जैतून फार्मो एवं सेंटर ऑफ एक्सीलेंस, बस्सी पर श्रमिक नियोजन हेतु सेवा प्रदाता ऐजेंसी के चयन हेतु निम्नानुसार निविदा कार्यालय में आमंत्रित किये गये है। UBN No.: OCL2627SLRC00004

| क्र. सं. | कार्य का नाम | निविदा की अनु. लागत राशि रु. लाख में | निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम दिनांक | निविदा खोलने की दिनांक |
|---|---|---|---|---|
| 1. | राजस्थान ऑलिव कल्टीवेशन लिमिटेड के विभिन्न जैतून फार्मो एवं सेंटर ऑफ एक्सीलेंस, बस्सी पर श्रमिक नियोजन हेतु सेवा प्रदाता ऐजेंसी के चयन। | 228.39 | 21.05.2026 प्रातः 11.00 बजे तक | 22.05.2026 साय 4.00 बजे |

निविदा दस्तावेंजो की जानकारी https://eproc.rajasthan.gov.in पर अथवा कार्यालय से ली जा सकती है।

राज.संवाद/सी/26/2067 चीफ ऑपरेशन ऑफिसर

**कार्यालय नगर निगम, अजमेर**

REMAINING VRV AC WORKS IN NAGAR NIGAM NEW BUILDING

क्रमांकः 991 दिनांक : 29.04.2026

**ई-टेण्डरिंग-निविदा-सूचना**

नगर निगम, अजमेर की ओर से केंद्र एवं राज्य सरकार में नियमानुसार उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत मैसर्स फर्म/संवेदक से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूमेन्ट प्रक्रिया से विद्युत शाखा द्वारा REMAINING VRV AC WORKS IN NAGAR NIGAM NEW BUILDING हेतु ऑनलाईन अल्पकालीन निविदाएं आमंत्रित की जाती है जो निम्नलिखित दिनांक अनुसार डाउनलोड तथा खोली जायेगी।

| | कार्य का विवरण | निविदा राशि | अमानत राशि | निविदा शुल्क | प्रोसेसिंग फीस |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | REMAINING VRV AC WORKS IN NAGAR NIGAM NEW BUILDING | 47.74 लाख | 95500 रूपये | 1000/- रू. | 500/- रू. |

| निविदा प्रपत्र डाउनलोड करने की दिनांक व समय | निविदा ऑनलाईन भरकर देने की दिनांक व समय | तकनिकी निविदा खोलने की दिनांक व समय |
|---|---|---|
| 29.04.2026 सायं 6.00 बजे से प्रारम्भ | 29.04.2026 सायं 6.00 बजे से 10.05.2026 सायं 6.00 बजे तक | 11.05.2026 प्रातः 11.00 बजे |

| | |
|---|---|
| वित्तीय निविदा खोलने की दिनांक व समय | तकनिकी बिड् के सफलतम निविदादाताओं को नेट के माध्यम से सूचित कर दिया जायेगा। |
| निविदा प्रपत्र डाउनलोड करने की वेबसाईट | www.eproc.rajasthan.gov.in www.sppp.rajasthan.gov.in |

1. प्रोसेसिंग फीस / निविदा शुल्क/ बिड सिक्योरिटी राशी डी.डी. /बैंक ड्राफ्ट/बैंकर्स चैक से मान्य नही होगी ।
2. RTPP नियमानुसार बिड सिक्योरिटी राशी देय होगी।
3. शेष शर्तो की जानकारी निम्नलिखित वेबसाईट www.eproc.rajasthan.gov.in, www.sppp.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

NIB Code : ANN2627A0016
UBN Code: ANN2627WSOB00021
राज.संवाद/सी/26/2042